1022
16/2/13

खण्ड–2 बिहार विधान मंडल पुस्तकालय संख्या–22
शोध/संदर्भ ग्रंथ

# एकादश बिहार विधान-सभा वादवृत्त

(भाग-1 कार्यवाही प्रश्नोत्तर)

सत्यमेव जयते

दिनांक : 28 जून, 1995 ई०

जिसकी प्रशासनिक लागत राशि 44 लाख रुपया है, प्रशासनिक स्वीकृति की प्रत्याशा में विगत 4 वर्षों से लम्बित हैं।

2. यदि खण्ड 1 का उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार कबतक उक्त आवासों का निर्माण कार्य पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

**प्रभारी मंत्री :** 1. उत्तर स्वीकारात्मक है।

2. गुमला में पदाधिकारी एवं कर्मचारी के आवास का निर्माण, जिसमें ए० प्रकार की 8 ईकाई, बी० प्रकार की 4 ईकाई का प्राक्कलन 33.00 लाख रुपये का 1990 में 24.7.90 की प्राधिकृत समिति की बैठक में रखा गया था, परन्तु इसकी स्वीकृति नहीं प्राप्त होने के कारण योजना लम्बित रही ।

अब प्राक्कलन को नये वर्त्तमान दर पर पुनरीक्षित कर, सरकार के निर्णय के अनुसार प्रशासनिक स्वीकृति हेतु आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

## तटबन्ध की मरम्मती

*2070. **श्री विजय कुमार गुप्ता :** क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

1. क्या यह बात सही है कि सिकरहट्टा से मझारी बाँध सह सड़क जो कोशी पश्चिमी तटबंध को सुरक्षा भी प्रदान करती है, क्षतिग्रस्त है, जिसकी मरम्मति विगत पाँच वर्षों से नहीं की गयी है। यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त तटबंध की मरम्मत कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

श्री जगदानन्द सिंह : उत्तर आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है। वर्ष 1990–91 में रिटायर्ड बाँध निर्माण के बाद मात्र 1993 में सिकरहट्टा–मझारी बाँध के टॉप एवं स्लोप में हुए रेनकट की मरम्मति कराई गयी थी। वर्षा के कारण सिकरहट्टा–मझारी निम्न बाँध के टॉप एवं स्लोप में कहीं–कहीं बड़े–बड़े रेनकट्स हो गये हैं। विभागीय मजदूरों द्वारा इसकी मरम्मति की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। जहाँ तक इस बाँध के उच्चीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का प्रश्न है, विभाग की विगत वर्षों में उलब्ध सीमित निधि के अन्तर्गत इस कार्य को कराना संभव नहीं हो सका है।

## नहर की मरम्मती

*2073. श्री लोकनाथ महतो : क्या मंत्री, सिंचाई विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

1. क्या यह बात सही है कि हजारीबाग जिलान्तर्गत बड़का कॉव प्रखंड के जुगरा से मोहटिकरा तक नहर का निर्माण 40 वर्ष पूर्व किया गया है;
2. क्या यह बात सही है कि तीन वर्ष पूर्व ही यह नहर आराहारा और लगात के बीच टूट गया है जिसे हजारों एकड़ भूमि सिंचाई से वंचित है;
3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार उक्त टूटे इस नहर की मरम्मती करने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कब तक नहीं, तो क्यों ?

श्री जगदानन्द सिंह: 1. उत्तर स्वीकारात्मक है। जुगरा सिंचाई योजना का निर्माण वर्ष, 1952 में ग्राम जुगरा से ग्राम मोहटिकरा तक हुआ था।

2. उत्तर आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है। इस योजना की मुख्य नहर दो वर्ष पूर्व जुगरा नदी से कटाव के कारण चेन